ओ३म

आर्य कन्या पाठशाला स्नातकोत्तर महाविद्यालय

खुरजा–203131

✆ 05738-247136
E-mail : akppg@yahoo.co.in
Fax : 05738-247633

क्रमांक :

दिनांक 31/8/2024

आवश्यक सूचना

बी.ए. (स्नातक) NEP-2020 के अंतर्गत तीन वर्षीय पाठ्यक्रम पूर्ण करने से वंचित हुए अथवा अनुत्तीर्ण हुए या पुनः परीक्षा में अनुत्तीर्ण हो चुकी छात्राओं को विश्वविद्यालय द्वारा पुनः स्पेशल बैक परीक्षा फार्म भरने का अवसर प्रदान किया जा रहा है। अधिक एवं विस्तृत जानकारी हेतु विश्वविद्यालय का पत्र दिनांक 27.08.2024 या विश्वविद्यालय वेबसाइट व कालेज के सूचना पट पर उपलब्ध है। अतः अर्ह छात्राएं विश्वविद्यालय के पत्र/विज्ञप्ति के अनुसार स्पेशल बैक परीक्षा फार्म भरना सुनिश्चित करें।

31-8-2024

प्राचार्या

Notice

चौ० चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
Ch. Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : परीक्षा/डी0आर0/1033
दिनांक : 27.08.2024

विज्ञप्ति

NEP-2020 के अन्तर्गत संचालित स्नातक स्तरीय B.A./B.Sc./B.Com. पाठ्यक्रमों में सत्र 2021–22 में प्रवेश लेने वाले छात्र अपनी उपाधि के निर्धारित तीन वर्ष पूर्ण कर चुके हैं। कतिपय छात्र जो अनुत्तीर्ण रहने के कारण अपनी स्नातक उपाधि पूर्ण करने से वंचित रह गये हैं, के भविष्य के दृष्टिगत माननीय कुलपति जी के आदेशानुसार स्पेशल बैक परीक्षा का अवसर प्रदान किया जा रहा है। स्पेशल बैक पेपर परीक्षा फार्म निम्नलिखित शर्तों के अनुसार भरवाये जायेंगे :–

1. केवल ऐसे NEP-2020 के अन्तर्गत संचालित स्नातक पाठ्यक्रमों B.A./B.Sc./B.Com. छात्र जिन्होंने सत्र 2021–22 में प्रवेश लिया था तथा सत्र 2023–24 में उपाधि के तीन वर्ष पूर्ण कर चुके हैं, ही परीक्षा फार्म भरने हेतु अर्ह होंगे।
2. प्रथम से छठे सेमेस्टर तक एक या एक से अधिक सेमेस्टर के परीक्षा फार्म भरने की अनुमति होगी।
3. किसी एक सेमेस्टर में केवल एक ही मेजर विषय का परीक्षा फार्म भरा जा सकेगा। एक ही विषय के सैद्धान्तिक अथवा प्रयोगात्मक विषय कोड में से किसी एक अथवा दोनों का परीक्षा फार्म भरा जा सकेगा। चूँकि एक सेमेस्टर के सभी मेजर विषयों की परीक्षा एक ही तिथि एवं समय पर आयोजित करायी जायेगी इसलिए एक सेमेस्टर के एक से अधिक मेजर विषयों का परीक्षा फार्म भरना अनुमत नहीं होगा।
4. जैसा कि विदित है कि स्नातक प्रथम एवं द्वितीय वर्ष में एक–एक माईनर विषय उत्तीर्ण करना अनिवार्य है, छात्रों को अपने दोनों वर्षों के माईनर विषयों का बैक पेपर परीक्षा फार्म भरना अनुमत होगा।

   ऐसे छात्र जिन्होंने प्रथम एवं द्वितीय वर्ष में किसी भी माईनर विषय का चयन नहीं किया था, को इस पत्र के साथ संलग्न सेमेस्टरवार माईनर विषयों के बैक पेपर परीक्षा फार्म भरना अनुमत होगा।

   ध्यान रहे माईनर विषय अपनी फैकल्टी से अलग फैकल्टी का होना चाहिए।
5. छात्र एक अथवा एक से अधिक सेमेस्टर के को–करिकुलर विषय का परीक्षा फार्म भर सकेंगे।
6. छात्र एक अथवा एक से अधिक सेमेस्टर के कौशल विकास पाठ्यक्रम (Skill development course) का परीक्षा फार्म भर सकेंगे। समस्त कौशिल विकास पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं महाविद्यालय द्वारा आयोजित करायी जायेंगी। विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित अवधि में समस्त महाविद्यालयों को कौशल विकास पाठ्यक्रमों की परीक्षाएं पूर्ण करा अंक विश्वविद्यालय पोर्टल पर अपलोड करने होंगे।
7. छात्रों ने मुख्य परीक्षा में जिन विषय कोड का चयन किया था उन्हीं विषय कोड का बैक पेपर परीक्षा फार्म भरा जाये। बैक पेपर में विषय कोड परिवर्तित करना अनुमन्य नहीं होगा।
8. विगत वर्षो में अनेकों छात्रों के गलत परीक्षा फार्म भरने तथा सत्यापित होने के कारण बहुत सारे छात्र अपनी उपाधि पूर्ण करने से वंचित रह गये हैं। इसलिए समस्त प्राचार्यों/विभागाध्यक्षों से अनुरोध है कि छात्रों द्वारा भरे गये परीक्षा फार्म की सम्यक् जाँच करने के उपरान्त ही परीक्षा फार्म सत्यापित करना सुनिश्चित करें।
9. विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग को परीक्षा फार्म प्रेषित करते समय सम्बन्धित सेमेस्टर की सत्यापित ऑनलाईन निर्गत अंकतालिका संलग्न करना अनिवार्य होगा।

ऑनलाईन परीक्षा फार्म उपलब्ध होने की तिथि	: **28.08.2024**
ऑनलाईन परीक्षा फार्म भरने की अन्तिम तिथि	: **06.09.2024**
महाविद्यालयों/संस्थान द्वारा परीक्षा फार्म सत्यापित करने की अन्तिम तिथि	: **07.09.2024**
सत्यापित परीक्षा फार्म परीक्षा विभाग को उपलब्ध कराने की अन्तिम तिथि	: **09.09.2024**

परीक्षा फार्म वेब लिंक **https://www.ccsuniversity.ac.in/exam-form.php** पर उपलब्ध होंगे। किसी भी समस्या के लिए टेलिफोन नं० **0121-2997771, 0121-2997772** तथा ईमेल आई०डी० **helpdeskaimserp@gmail.com** पर सम्पर्क करें।

27/08/24
परीक्षा नियंत्रक